



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

दिसम्बर-2019

अन्दर के पृष्ठों पर.......

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस-2019 (दिनांक 28.11.2.19 एवं 29.11.2019)

उत्तर प्रदेश पुलिस ने 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइन्स कॉंग्रेस का दो दिवसीय आयोजन पुलिस विकास एवं अनुसंधान ब्यूरो के तत्वावधान में, उत्तर प्रदेश में 22 वर्ष बाद, श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की पहल पर सम्पन्न कराया।





- दिनांक 29.11.2019 : कॉंग्रेस के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री अमित शाह, मा. गृह मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि, योगी आदित्यनाथ, मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., श्री केशव प्रसाद मौर्य, मा. उप मुख्य मंत्री, उ.प्र., श्री दिनेश शर्मा, मा. उप मुख्य मंत्री, उ.प्र., वरिष्ठ पुलिस/प्रशासनिक अधिकारीगण का श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने स्वागत किया व मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किये। श्री सिंह ने पुलिस कार्ययोजना विकास हेतु 6 सत्रों में प्रस्तुत पत्रों/विचारों हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा पुलिस सुधार के कार्यों की चर्चा कर साधुवाद दिया। श्री तजेन्द्र सिंह लूथरा, IG, BPR&D ने 6 सत्रों में 6 विषयों पर पारित 12 प्रस्ताव पढ़े। प्रत्येक सत्र में दो प्रस्ताव पास हुए थे।

मा. मुख्य अतिथि, श्री अमित शाह ने विचारों की उपयोगिता व मंथन उपरान्त विचारों के क्रियान्वयन को आवश्यक बताया। समाधानों को बीट तक लागू करना वास्तविक सफलता बताया। पूर्व की विज्ञान कॉंग्रेस में रखे गये पत्रों पर अभी तक क्या हुआ है? इस बारे में विशेष विज्ञान कॉंग्रेस के आयोजन का सुझाव दिया। आन्तरिक सुरक्षा में नारकोटिक्स, नक्सलवाद, आतंकवाद, घुसपैठ, फेक करेंसी, पशु तस्करी, मानव तस्करी आदि को घातक बताया व कहा कि सभी एजेंसियों के समन्वय से अपराधों पर काबू पाया जा सकता है। सीमाओं से बीट तक सुरक्षा, पुलिस शहीद स्मारक, जनता के नजरिये में बदलाव लाने, विषम परिस्थितियों में जवानों के सीमा पर कार्य करने, प्रत्येक पुलिस जवान के मन में गर्व एवं जनता के मन में पुलिस के प्रति सम्मान पैदा करने, सरकारी वकीलों की जवाबदेही तय करने, बड़े अपराधों में सजा की मॉनीटरिंग, राज्यों में जिला मुख्यालय स्तर पर फॉरेंसिक कॉलेज, राज्य स्तर पर फॉरेंसिक विश्वविद्यालय व पुलिस विश्वविद्यालय बनाने, यहाँ पढ़ने वालों के पुलिस में नौकरी करने से कार्यदक्षता में विकास इत्यादि पर सम्बोधन किया। शीघ्र ही भारतीय दण्ड विधान/संहिता में आज के भारत के अनुसार बदलाव का भी उल्लेख किया।

इससे पूर्व मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को जनता के साथ प्रत्येक स्थिति में निकट जाने, कम्युनिटी पुलिसिंग, कम्युनिटी पुलिसिंग प्रशिक्षण व साइबर क्राइम को हल करने के लिये कम्युनिटी पुलिसिंग को आवश्यक बताया। कुम्भ के सफल आयोजन एवं अयोध्या प्रकरण में उ.प्र. पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था पर उत्कृष्ट स्थिति बनाये रखने की प्रशंसा करते हुए लगातार पुलिस कार्य व्यवहार में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

- दिनांक 28.11.2019 : मुख्य अतिथि, डॉ. किरन बेदी, लेफ्टिनेंट गर्वनर, पुडुच्चेरी ने पुलिस मुख्यालय, लखनऊ पर एक प्रदर्शनी तथा 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइन्स कॉंग्रेस–2019 का उद्घाटन किया। कॉंग्रेस हेतु चयनित 6 विषयों पर 29 शोध पत्रों की एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।





श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्य अतिथि, आमंत्रित महानुभावों, वक्ताओं, मध्यस्थ एवं सभी उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया। श्री सिंह ने उ.प्र. पुलिस की कार्यदक्षता में वृद्धि हेतु आई.आई.टी., कानपुर से सम्पन्न एमओयू, यूपी 112 में केन्द्रीकृत नियंत्रण कक्ष, वीमेन पावर लाइन 1090, त्रिनेत्र एप, जनसमस्याओं के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, सीसीटीएनएस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण, लखनऊ से जनपदों में प्रशिक्षण हेतु वर्चुअल क्लासेज़, पुलिस बल एवं आमजन पर हुए सकारात्मक परिणामों का उल्लेख किया।

डॉ. बेदी ने उ.प्र. पुलिस को इस कॉंग्रेस के आयोजन, कुम्भ एवं अयोध्या प्रकरण में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिपेक्ष्य में उच्चतम स्तर की दक्षता प्रदर्शित कर कानून व्यवस्था के कीर्तिमान स्थापित करने हेतु बधाई दी व न्याय और हिम्मत को बेहतर पुलिसिंग के लिये आवश्यक बताया। बेहतर पुलिसिंग हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण व व्यवहारिक पुलिसिंग के लिये बीट पुलिसिंग को अनिवार्य बताया। डॉ. बेदी ने पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की तथा कहा कि पुलिस महानिदेशक के सतत परिश्रम से ही प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है।

दो दिवसीय कॉंग्रेस में निम्न विषयों पर परिचर्चाएँ सम्पन्न की गयीं–

- Reforms in Policing: Challenges at the field level and required measures.
- Forensic Science: Resource upgradation and effective use in investigation.
- Safety of Women and Children: Fresh initiatives and dividends.
- Role of social media in countering radicalization and terrorism.
- Inculcating right kind of attitudes in Police Officers: Training and beyond.
- Use of CCTNS/ICJS in the advancement of Criminal Justice.

इस दौरान आयोजित प्रदर्शनी में 19 कम्पनियों ने भाग लिया। DCPW, ATS, UP, 112 & UP 1090 ने भी अपने प्रस्तुतीकरण दिये। उक्त कॉंग्रेस को श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की अध्यक्षता में गठित आयोजन समिति व 12 उप–समितियों ने सफल बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। आमजन को कॉंग्रेस के आयोजन एवं गतिविधियों से अवगत कराने हेतु LED युक्त वाहन, वेबसाईट (www.47aipsc.com) तथा ट्विटर हैंडल (@47aipsc) भी लॉन्च किया गया था। समस्त आयोजन अत्यंत सफल रहे।

## सराहनीय कार्य

• निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | |
| 30.11.2019 | कानपुर नगर |
| 28.11.2019 | मथुरा |
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 28.11.2019 | मथुरा |
| 27.11.2019 | वाराणसी |
| 26.11.2019 | वाराणसी |
| 25.11.2019 | आगरा |
| 24.11.2019 | मुरादाबाद |
| 21.11.2019 | बस्ती |
| 19.11.2019 | श्रावस्ती |
| 02 11 2019 | सीतापुर |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 28.11.2019 | मथुरा |
| 14.11.2019 | वाराणसी |
| 13.11.2019 | सुल्तानपुर |
| 12.11.2019 | वाराणसी |
| मा0 राज्यपाल, राजस्थान | |
| 29.11.2019 | वाराणसी |

• जनपद रायबरेली के डलमऊ क्षेत्र में दिनांक 11 एवं 12.11.2019 को सम्पन्न कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

• दिनांक 04.11.2019 : जनपद कानपुर देहात के जनपदीय नियंत्रण कक्ष में समय रात्रि 0338 बजे ड्यूटीरत प्रधान परिचालक 4347, मनमोहन रत्नाकर को थाना भोगनीपुर से सूचना प्राप्त हुई कि एक डीज़ल चोर खाली डीसीएम लेकर अकबरपुर की तरफ भागा है। ड्यूटीरत परिचालक ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सर्वसम्बन्धित को सूचित कर चेकिंग करायी परिणामस्वरुप टोल बारा पर उक्त चोर को मय डीसीएम गिरफ्तार कर लिया गया।

## महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव 2019

• महाराष्ट्र में दिनांक 21.10.2019 को सम्पन्न विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2019 में प्रयोग के उपरान्त 700 एनालॉग स्टैटिक/मोबाइल वायरलेस सेट महाराष्ट्र पुलिस ने वापस किये।

## महत्वपूर्ण ड्यूटियों में उपलब्ध कराये गये संचार उपकरण/स्टाफ

• जनपद अमरोहा में दिनांक 03.11.2019 से 12.11.2019 तक सम्पन्न श्री गंगाधाम तिगरी मेला हेतु 85 अदद हैण्ड हेल्ड सेट एवं स्टाफ (रेडियो उपनिरीक्षक–2, प्रधान परिचालक यॉंत्रिक–5, प्रधान परिचालक/सहायक परिचालक–10 एवं कर्मशाला कर्मचारी/संदेशवाहक–4) अस्थायी रुप से उपलब्ध कराये गये।

• जनपद हापुड़ में दिनांक 31.10.2019 से 14.11.2019 तक सम्पन्न गढ़ मेला हेतु 15 अदद हैण्ड हेल्ड सेट एवं स्टाफ (प्रधान परिचालक यॉंत्रिक–3, प्रधान परिचालक/सहायक परिचालक–16 एवं कर्मशाला कर्मचारी/संदेशवाहक–5) अस्थायी रुप से उपलब्ध कराये गये।

• जनपद अयोध्या में दिनांक 03.11.2019 से 12.11.2019 तक सम्पन्न कार्तिक पूर्णिमा/परिक्रमा मेला हेतु 8 सीसीटीवी कैमरे, 7 डीवीआर, 5 एलसीडी मॉनीटर, 2 ज्वास्टिक, 18 स्टेबिलाइज़र, 40 डिज़ीटल हैण्ड हेल्ड सेट, 5 12 वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्री एवं स्टाफ (रेडियो उपनिरीक्षक–6, प्रधान परिचालक यॉंत्रिक (सीसीटीवी प्रशिक्षित)–2, प्रधान परिचालक/सहायक परिचालक –2 एवं कर्मशाला कर्मचारी/ संदेशवाहक–4) अस्थायी रुप से उपलब्ध कराये गये।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

• उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः दो–(सम्पूर्ति)वर्दी निर्देश/2017 दिनांक 15.11.2019 द्वारा समस्त महिला पुलिस कर्मियों (अराजपत्रित श्रेणी) को संलग्न नमूने, जो कि उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः दो–(सम्पूर्ति)वर्दी निर्देश–2017 दिनांक 28.05.2018 द्वारा पूर्व में प्रेषित किया गया है, के अनुसार वर्दी धारण कराये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

• मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–12–(25)– 2018 दिनांक 06.11.2019 द्वारा प्रति वर्ष 23 नवम्बर को "पुलिस झण्डा दिवस" मनाये जाने हेतु कतिपय बिन्दुओं पर कार्यवाही कराये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

• उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः सम्पूर्ति– दो–41/2019 (ट्यूनिक) दिनांक 04.11.2019 द्वारा उ.प्र. पुलिस में रैतिक अवसरों पर धारण की जाने वाली रैतिक वर्दी से ट्यूनिक हटाये जाने के सम्बन्ध में समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

• उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः सम्पूर्ति–दो–1237–(।।)–2019 दिनांक 19.10.2019 द्वारा यातायात पुलिस के निरीक्षक/उपनिरीक्षक/मुख्य आरक्षी/आरक्षी की वर्दी वस्तुओं में समरुपता रखते हुए वर्दी परिवर्तन/संशोधन करते हुए दिनांक 01.12.2019 से प्रभावी किये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

• उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–61/2019 दिनांक 27.11.2019 द्वारा उ0प्र0 शासन, अनुश्रवण प्रकोष्ठ (न्याय विभाग) की विज्ञप्ति दिनांक 24.09.2012 के अनुसार न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा सेवा सम्बन्धी वादों का न्यायालय से बाहर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में समाधान कराये जाने के उद्देश्य से गृह विभाग से सम्बन्धित विवादों को "विभागीय विवाद समाधान फोरम संख्याः 01" गठित किये जाने, जिसमें उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में कार्यरत समस्त ऐसे कार्मिक, जो कि किन्हीं सेवा सम्बन्धी मामलों से क्षुब्ध होकर समुचित उपचार प्राप्त करने हेतु मा0 उच्च न्यायालय के समक्ष वाद दायर कर चुके हैं, से अवगत कराते हुए उनके द्वारा उपरोक्तानुसार गठित फोरम के माध्यम से मा0 उच्च न्यायालय में योजित वाद के समाधान हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

- सहायक रेडियो अधिकारी, कार्मिक के पत्र संख्याः एम–81/2019 दिनांक 07.11.2019 द्वारा उल्लेखनीय एवं असाधारण कार्य हेतु पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. का प्रशंसा चिन्ह प्रदान किये हेतु सेवाभिलेख के आधार पर कतिपय बिन्दुओं पर अर्ह अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारियों के नामांकन निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराये जाने हेतु अपेक्षा की गयी है।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः एआरओएम–207/1/2019 दिनांक 01.11.2019 द्वारा श्री राम जन्मभूमि/बाबरी मस्जिद परिसर अयोध्या प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 सर्वोच्च न्यायालय के सम्भावित निर्णय के दृष्टिगत कानून व्यवस्था की दृष्टि से प्रदेश के जनपदों/वाहिनियों की पुलिस संचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जनपद/इकाईयों को अस्थायी रूप से निम्नानुसार स्टैटिक/मोबाइल एवं हैण्ड हेल्ड सेट आवंटित किये गये–

| जनपद | स्टैटिक/मोबाइल | हैण्ड हेल्ड |
|---|---|---|
| आगरा | 30 | – |
| फिरोज़ाबाद | 10 | – |
| मथुरा | 15 | 30 |
| कन्नौज | 20 | – |
| अमरोहा | 25 | 25 |
| कौशाम्बी | 05 | – |
| महोबा | 05 | – |
| बस्ती | 20 | – |
| सिद्धार्थनगर | 15 | – |
| संतकबीरनगर | 15 | – |
| गोण्डा | 25 | – |
| बलरामपुर | 10 | 10 |
| बहराइच | 32 | – |
| श्रावस्ती | 08 | – |
| आजमगढ़ | 30 | – |
| रायबरेली | 20 | – |
| सुल्तानपुर | 25 | – |
| अमेठी | 20 | – |
| अम्बेडकरनगर | 11 | – |
| मेरठ | 14 | – |
| बागपत | 12 | 19 |
| हापुड़ | 10 | 20 |
| बुलन्दशहर | 10 | – |
| गौतमबुद्धनगर | 10 | – |
| सहारनपुर | 10 | 15 |
| शामली | 20 | 10 |
| मुज़फ्फरनगर | 04 | 05 |
| कानपुर नगर | – | 20 |
| झाँसी | – | 40 |

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में नवम्बर–2019 में 422 कार्मिकों का उपचार किया गया।
- पुलिस रेडियो के 2 चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की पुत्रियों के विवाह में सिलाई मशीनें उपहारस्वरुप भेंट की गयीं।



## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- दिनांक 07.11.2019: श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने श्री राम जन्म भूमि/बाबरी मस्जिद प्रकरण में मा0 सर्वोच्च न्यायालय के सम्भावित निर्णय के परिपेक्ष्य में संचार व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु समस्त ज़ोन के राज्य रेडियो अधिकारी/अपर राज्य रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की जिसमें कानपुर, बरेली, वाराणसी एवं प्रयागराज ज़ोन के अधिकारीगण सम्मिलित हुए। शेष ज़ोन के अधिकारीगण कतिपय कारणों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सम्मिलित नहीं हो सके। उन्हें आवश्यक निर्देश लिखित रुप से दिये गये।



## संविधान दिवस

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर 26 नवम्बर "संविधान दिवस" के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को भारतीय संविधान से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बातें बतायीं तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया। सभी को "मौलिक कर्तव्यों से सम्बन्धित शपथ" ग्रहण करायी गयी।



## उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस

- दिनांक 23.11.2019: उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस पर एकत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों ने वर्दी पर उत्तर प्रदेश पुलिस का झण्डा लगाया। रेडियो मुख्यालय के मुख्य भवन एवं प्रशिक्षण केन्द्र पर भी उत्तर प्रदेश पुलिस का झण्डा/बैनर लगाया गया। इस तिथि को उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का सन्देश पढ़कर सुनाया गया।



## विविध

### सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से नवम्बर–2019 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए निम्न 18 अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई दी गयी–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री शिव कुमार वर्मा, वाराणसी, 2. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री मुनीब राम, मिर्जापुर, 3. निरीक्षक, गोपनीय, श्री अब्दुल खलीक, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जय पाल सिंह, गाज़ियाबाद 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री खेम चन्द्र वर्मा, महोबा, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम उजागिर, लखनऊ, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गुरु प्रसाद यादव, कानपुर नगर, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सैयद परवेज़, लखनऊ, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अच्छे लाल शर्मा, संतकबीरनगर, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री आदित्य शर्मा, मुरादाबाद, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जमाल अहमद, रेडियो मुख्यालय, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम दास वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सन्तोष कुमार, लखनऊ, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मुशाहिद अली खान, बरेली, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विजय कुमार सिंह, सम्भल, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गंगा धर पन्त, रेडियो मुख्यालय, 17. प्रधान परिचालक/1280, श्री सुग्धर राम, सुल्तानपुर एवं 18. प्रधान परिचालक/201, श्री चन्द्र पाल शर्मा, मथुरा।





● दिनांक 09.11.2019: श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने श्री राम जन्म भूमि / बाबरी मस्जिद प्रकरण में मा0 सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय घोषित हो जाने के तत्काल बाद रेडियो मुख्यालय पर संकेत, ऑपरेशन, लाइन एवं प्रशिक्षण शाखाओं से सम्बन्धित अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ बैठक सम्पन्न की जिसमें संचार व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, पूर्ण जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ मानक प्रक्रिया के अनुसार त्वरित कार्य सम्पादन, व्यक्तिगत संयत व्यवहार, सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट न डालने, मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 एवं पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा मीडिया में दिये गये निर्देशों के अनुरुप आचरण करने हेतु समस्त कार्मिकों को प्रेरित किया गया। आवश्यकतानुसार जनपदों को और उपकरण निर्गत करने, संकेत शाखा में सीडब्ल्यू स्टाफ की कमी की दशा में रेडियो मुख्यालय के कार्यालयों में नियुक्त दक्ष स्टाफ की सीडब्ल्यू ड्यूटी लगाने, जनपदों एवं यूपी 112 पर चौबीसों घण्टे एचएफ आरटी केन्द्र चालू रखने, रात्रि ब्रॉडकास्टिंग व्यवस्था चालू करने, रेडियो निरीक्षकगण की संकेत कक्ष में रोटेशन ड्यूटी लगाने, संरक्षित स्थल होने के कारण रेडियो मुख्यालय की सुरक्षा, परिसर में बिना पहचान का वाहन न खड़ा रहने देने, प्रशिक्षण केन्द्र की सुरक्षा एवं प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण अनुभव में अभिवृद्धि हेतु उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराने, इत्यादि निर्देश दिये।



## उ0प्र पुलिस रेडियो मुख्यालय पर मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान

● दिनांक 06.11.2019: उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों के यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा–2018 में 75 प्रतिशत या अधिक प्राप्त करने वाले 10 मेधावी छात्र / छात्राओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कुमारी अराधना गौतम को 86.33, कुमारी सौम्या यादव को 86.16 एवं कुमारी ऑचल गौतम को 86.00 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर स्वीकृत क्रमशः रु. 10,000.00, रु. 6,000.00 एवं रु. 4,000.00 के नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र तथा रेडियो मुख्यालय द्वारा 7 अन्य मेधावी छात्र / छात्राओं (1. वसीम अहमद, 2.कुमारी कनिष्का यादव, 3. कुमारी आफरीन खातून, 4. कुमारी शिखा सिंह, 5. अभिजीत मुखर्जी, 6. देवेन्द्र नारायण सिंह, एवं 7. कुमारी अर्चना कुमारी) में से प्रत्येक को स्वीकृत रु. 2,000.00 का नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त, निदेशक, पुलिस दूरसंचार, श्री राम गोपाल गुप्ता द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों के मेधावी छात्र / छात्राओं को पुरस्कृत किये जाने की तथा ट्रस्ट द्वारा सामान्यजन हेतु किये जा रहे सेवा सम्बन्धी कार्यों की सराहना की। श्री सिंह ने मेधावी बच्चों के लिये ट्रस्ट द्वारा दिये जा रहे पुरस्कार को महत्वपूर्ण एवं अविस्मरणीय बताते हुए उल्लेख किया कि यह सम्मान बच्चों को सदैव याद रहेगा।












## उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय का भ्रमण



● दिनांक 02.11.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस संवर्ग के 05 प्रशिक्षु पी0पी0एस0 अधिकारियों को उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार की कार्यप्रणाली से भिज्ञ कराने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर ने अधिकारियों का मुख्यालय पर स्वागत किया तथा उन्हें यूनाईटेड प्रॉविन्सिज़ (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में पुलिस दूरसंचार हेतु प्रारम्भिक प्रयोग, पुलिस रेडियो का विकासक्रम, उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु पुलिस रेडियो की स्थापना, पुलिस रेडियो का इतिहास, रेडियो मुख्यालय का भ्रमण करने वाले पूर्व प्रधान मंत्री, भारत सरकार एवं अन्य विशिष्ट महानुभावों के बारे में जानकारी दी।



श्री एस0के0 सिंह, सहायक रेडियो अधिकारी ने रेडियो मेल / क्यू–मेल / संकेत कक्षों का भ्रमण कराया। श्री बाबूराम यादव, अपर राज्य रेडियो अधिकारी ने केन्द्रीय कर्मशाला का भ्रमण कराया व अधिकारियों को सीसीटीवी, कम्प्यूटर, एच0एफ0 / वी0एच0एफ0 वायरलेस सेट, पॉवर सप्लाई, बैटरियों इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों की जानकारी दी। श्री रुपक कुमार सिन्हा, रेडियो निरीक्षक ने पुलिस रेडियो संगठन के सम्बन्ध में सारगर्भित प्रस्तुतीकरण द्वारा संगठन के कार्यकलापों एवं उपकरणों की जानकारी दी। अधिकारियों को पुलिस दूरसंचार में प्रयोग किये जा रहे विभिन्न एच0एफ0 / वी0एच0एफ0 आवृत्ति के एनालॉग / डिज़ीटल तकनीकी के उपकरणों का सजीव प्रदर्शन कराकर उनकी विशेषताओं के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी प्रधान परिचालक (यॉंत्रिक) श्री वर्मा गोपाल जी ने दी। प्रशिक्षु अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 300